रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-26082022-238396
CG-DL-E-26082022-238396

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 580] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 25, 2022/भाद्र 3, 1944
No. 580] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 25, 2022/BHADRA 3, 1944

## मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

## (पशुपालन और डेयरी विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2022

## पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022

**सा.का.नि. 656(अ)**.—पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का 59) की धारा 38 की उपधारा (2) के खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सा.आ. 1256 (अ) 24 दिसम्बर 2001 को प्रकाशित तथा सा.आ. 303 (अ) दिनांक 8 फरबरी, 2011 को संशोधित, इस तरह के अधिक्रमण से पहले किए गए या छोडे गए कार्यों को छोडकर, संघ सरकार भारत के राजपत्र में मसौदा नियमों के प्रकाशन के साठ दिनों के भीतर सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए मसौदा नियमों को प्रकाशित करने का प्रस्ताव कर रही है।

उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में कोई भी व्यक्ति संघ सरकार के विचार हेतु जो कोई सुझाव या आपत्ति करना चाहता है, ऊपर निर्दिष्ट अवधि के भीतर, संयुक्त आयुक्त (पशु कल्याण), केबिन नंबर 6, चंद्रलोक भवन, जनपत, नई दिल्ली को अग्रेषित कर सकता है।

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :** (1) इन नियमों को पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022 कहा जायेगा।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं :** इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

   (क) "अधिनियम" से पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 अभिप्रेत है;

   (ख) "पशु जन्म नियंत्रण केंद्र" का अभिप्राय सर्जिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर केनेल, क्वारंटाइन केनेल, आइसोलेशन केनेल, डॉग ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स के साथ आवश्यक लॉजिस्टिक्स और बोर्ड द्वारा निर्धारित

ऐसी अन्य सुविधाओं के साथ एक पशु चिकित्सा सुविधा है, जहां स्ट्रीट डॉग्स को पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए लाया जाता है।

(ग) "पशु आश्रय" का अभिप्राय है वह स्थान जहां आवारा या गली के या परित्यक्त पशुओं को गोद लेने या पुनर्वास, बीमार या घायल होने पर सामान्य उपचार के लिए रखा जाता है;

(घ) "पशु कल्याण समिति" का अभिप्राय इन नियमों के तहत सामुदायिक श्वानों को खाना खिलाने के समाधान हेतु गठित समिति है;

(ङ) "पशु कल्याण संगठन" का अभिप्राय है पशुओं के कल्याण के लिए काम करने वाला कोई भी संगठन जो 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का 21) या किसी भी संबंधित कानून के तहत पंजीकृत है और बोर्ड की मौजूदा नीति के अनुसार भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है।

(च) "बोर्ड" का अभिप्राय भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड है, जिसे अधिनियम की धारा 4 के तहत स्थापित किया गया है और धारा 5ए के तहत पुनर्गठित किया गया है;

(छ) "प्रमाण-पत्र" का अभिप्राय है इन नियमों के तहत पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य से किसी भी पशु कल्याण संगठन या स्थानीय प्राधिकरण को बोर्ड द्वारा जारी परियोजना मान्यता का प्रमाण-पत्र।

(ज) "समिति" का अभिप्राय है इन नियमों के तहत स्थापित एक निगरानी समिति

(झ) "सामुदायिक पशु" का अभिप्राय किसी समुदाय में पैदा हुआ कोई भी पशु है जिसके लिए किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा किसी स्वामित्व का दावा नहीं किया गया है, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (1972 का 53) के तहत परिभाषित जंगली जानवरों को छोडकर ।

(ञ) "निरिक्षण दल" का अभिप्राय है नियमों के तहत बोर्ड या राज्य बोर्ड द्वारा अधिकृत टीम।

(ट) "स्थानीय प्राधिकरण" का अभिप्राय निर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी मामले के नियंत्रण और प्रशासन के साथ एक नगरपालिका समिति, नगर परिषद, जिला प्रशासन, जिला पंचायत/बोर्ड, छावनी बोर्ड या कानून द्वारा निवेशित अन्य प्राधिकरण है;

(ठ) "स्वामी" का अभिप्राय है किसी पशु का स्वामी और इसमें कोई अन्य व्यक्ति शामिल है जिसके कब्जे या अभिरक्षा में ऐसा पशु है चाहे वह स्वामी की सहमति से हो या उसके बिना;

(ड) "राज्य बोर्ड" का अभिप्राय राज्य सरकार द्वारा राज्य में गठित राज्य पशु कल्याण बोर्ड है।

(ढ) "पशु क्रूरता निवारण समिति (एस.पी.सी.ए.)" का अभिप्राय है इस अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के तहत स्थापित एक एसपीसीए;

(ण) "पशु चिकित्सक" का अभिप्राय है भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 (1984 का 52) के प्रावधानों के तहत पंजीकृत एक पशु चिकित्सक।

(त) "क्षेत्राधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी" का अभिप्राय है क्षेत्र के पशुपालन विभाग के सरकारी पशु चिकित्सालय में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी।

(थ) "परियोजना प्रभारी" का अभिप्राय है स्थानीय प्राधिकरण द्वारा गली के श्वानों के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी। परियोजना प्रभारी स्थानीय प्राधिकरण या राज्य सरकार के नियमित पेरोल पर एक पशु चिकित्सा अधिकारी होंगे।

(द) "परियोजना मान्यता समिति" का अभिप्राय इन नियमों के तहत स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संस्थाओं द्वारा पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन है।

(ध) "पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम" का अभिप्राय है पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम की परियोजना मान्यता के आवेदनों पर जांच और परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा गठित समिति

(न) "मॉडयूल" का अभिप्राय है श्वान जनसंख्या प्रबंधन और रेबीज उन्मूलन के लिए लिखित दस्तावेज जो बोर्ड द्वारा समय-समस पर प्रकाशित और अद्यतन किया जाता है, जो गली के श्वानों के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के रूप में काम करेगा।

**3. परियोजना मान्यता :**

स्थानीय प्राधिकरण अपने स्वयं के पशु चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन कर सकता है, या यदि आवश्यक हो, तो स्थानीय प्राधिकरण एक पशु कल्याण संगठन की सेवाओं को संलग्न कर सकता है जिसे बोर्ड द्वारा पशु जन्म नियंत्रण हेतु विधिवत मान्यता प्रदान है और जिसके पास पशु जन्म

नियंत्रण कार्यक्रम के संचालन के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण, विशेषज्ञता और मानव संसाधन है। दोनो शर्तों के तहत, बोर्ड से एक परियोजना मान्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(1) कोई भी स्थानीय प्राधिकरण या संगठन बोर्ड से परियोजना मान्यता प्रमाण-पत्र के बिना गली के श्वानों के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम शुरू, संचालित या आयोजित नहीं करेगा।

(2) कोई भी पशु कल्याण संगठन जो किसी भी कानून के तहत अनुबंध करने के लिए अयोग्य नही है, वह पहली अनुसूची में संलग्न फॉर्म –I में अपना आवेदन रूपये 5,000 (पांच हजार रूपये मात्र) की गैर-वापसी शुल्क के साथ बोर्ड को प्रस्तुत करके परियोजना मान्यता के लिए आवेदन कर सकता है।

(3) इन नियमों के तहत पिरयोजना मान्यता के लिए आवेदन करने वाले किसी भी पशु कल्याण संगठन को बोर्ड द्वारा पहले से ही एक पशु कल्याण संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

(4) यदि कोई स्थानीय प्राधिकरण अपने स्वयं के पशु चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन कर रहा है, तो स्थानीय प्राधिकरण का परियोजना प्रभारी बोर्ड से परियोजना मान्यता प्राप्त करेगा। यदि पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम स्थानीय प्राधिकरण के पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निष्पादित किया जाता है तो आवेदन शुल्क में छूट दी जाएगी। अन्य सभी शर्तें और बोर्ड द्वारा प्रकाशित मॉडयूल लागू होंगे।

(5) पशु जन्म नियंत्रण् कार्यक्रम के संचालन के लिए परियोजना मान्यता के लिए आवेदन करने वाले आवेदक को प्रत्येक अलग पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के लिए अलग-अलग आवेदन करने की आवश्यकता होगी।

(6) परियोजना मान्यता की मांग करने वाले आवेदक को प्रत्येक पशु चिकित्सक के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद / राज्य पशु चिकित्सा परिषद द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसे विशेष परियोजना पर तैनात किया जाएगा। आवेदक को सरकारी प्राधिकरण द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। आवेदक द्वारा तैनात किए जाने के लिए प्रस्तावित पशु चिकित्सक / पशु चिकित्सक को नगर निगम के क्षेत्र में तैनाती के मामले में कम से कम 5,000 पशु जन्म नियंत्रण सर्जरी आयोजित करने का कुल संयुक्त अनुभव होना चाहिए और नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत या अन्य ग्रामीण स्थानीय निकायों के क्षेत्र में तैनाती के मामले में कम से कम 2,000 पशु जन्म नियंत्रण आयोजित करने का कुल संयुक्त अनुभव होना चाहिए।

(7) बोर्ड परियोजनाओं की मान्यता के लिए एक परियोजना मान्यता समिति का गठन करेगा;

(8) बोर्ड परियोजना मान्यता के लिए आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित राज्य के पशुपालन विभाग को प्रस्तावित पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण करने और बोर्ड द्वारा प्रकाशित मॉडयूल के अनुसार अपेक्षित सुविधाओं की उपलब्धता की पुष्टि करने का निर्देश देगा। निरीक्षण एक टीम द्वारा किया जाना चाहिए जिसमें निम्न शामिल हैं;

i) जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

ii) राज्य पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति के नोडल अधिकारी

iii) बोर्ड या राज्य बोर्ड का प्रतिनिधि

(9) निरीक्षण दल को निरीक्षण की तारीख से दस दिनों की अवधि के अन्दर बोर्ड द्वारा निर्धारित निरीक्षण प्रपत्र के अनुसार निरीक्षण दल के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

(10) परियोजना मान्यता समिति, उप-नियम (8) के तहत निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के बाद और संतुष्ट होने पर कि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र इन नियमों के तहत निर्दिष्ट आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहा है, परियोजना पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम की मान्यता का प्रमाण-पत्र जारी करने की सिफारिश कर सकता है।

(11) परियोजना मान्यता समिति की सिफारिश के आधार पर बोर्ड इन नियमों के तहत विशिष्ट परियोजना के लिए मान्यता प्रमाण-पत्र जारी कर सकता हैश्, जो अहस्तांतरणीय होगा

(12) स्थानीय प्राधिकरण के पिरयोजना प्रभारी या संगठन के पशु चिकित्सक यह सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना मान्यता का प्रमाण-पत्र पशु जन्म नियंत्रण केंद्र पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है और ऐसा प्रमाण-पत्र निरीक्षण प्राधिकारी के अनुरोध पर भी प्रस्तुत किया जाएगा।

**4. मान्यता से इंकार :** बोर्ड इन नियमों के तहत स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन द्वारा संचालित किसी भी परियोजना को मान्यता नहीं देगा, यदि –

(1) स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी यदि झूठी पाई जाती है या आवेदक ने आवेदन में जानबूझकर गलत विवरण दिया है या बोर्ड को मिथ्या या गढा हुआ रिकॉर्ड प्रदान किया है;

(2) इन नियमों के तहत मान्यता के लिए आवेदन जमा करने से पहले किसी भी स्तर पर पशु कल्याण संगठन, इस अधिनियम या इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, या जानवरों की सुरक्षा के लिए प्रख्यापित किसी अन्य राज्य या केंद्रीय अधिनियम या किसी अन्य लागू कानून के तहत जानवरों या जानवरों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है;

(3) पशु कल्याण संगठन ने निरीक्षण दल को पूरे परिसर या परिसर के हिस्से में निरीक्षण करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है, या इन नियमों के तहत अनिवार्य दस्तावेजों या किसी भी रिकॉर्ड तक पहुंचनें से इनकार कर दिया है।

(4) यदि परियोजना मान्यता समिति यह मानती है कि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में बुनियादी ढांचा और उपलब्ध जनशक्ति निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है, तो बोर्ड उपरोक्त नियम 3(7) के अनुसार निरीक्षण दल से रिपोर्ट प्राप्त होने के 30 दिनों की अवधि के भीतर लिखित में कारण बताते हुए आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।

**5. मान्यता के बिना निषेध :** गली के श्वानों के लिए कोई भी पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम तब तक आयोजित नहीं किया जाएगा जब तक कि स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन ने इन नियमों के तहत इस तरह के कार्यक्रम के संचालन के लिए परियोजना मान्यता का प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया हो।

बशर्ते कि पहले परंतुक में निर्दिष्ट कोई स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन छह महीने की अवधि के भीतर परियोजना मान्यता के प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने में विफल रहता है या इन नियमों के तहत निर्दिष्ट किसी भी कारण से परियोजना मान्यता से इन्कार कर दिया गया है, तो संबंधित स्थानीय प्राधिकरण ऐसे पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को बंद कर देगा। यदि कोई श्वान पकडे जा रहे हैं या सर्जरी की जा रही है तो उसे तत्काल रोक दिया जाएगा और सभी श्वानों का इलाज पिरयोजना प्रभारी या किसी पशु कल्याण संगठन के द्वारा किया जाएगा, जब तक कि वे रिहा होने के लिए फिट न हों।

**6. मान्यता का नवीनीकरण :**

(1) बोर्ड द्वारा जारी पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के लिए परियोजना मान्यता का प्रमाण-पत्र मान्यता की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए वैध होगा और इन नियमों के तहत बोर्ड को एक आवेदन प्राप्त होने पर नवीनीकृत किया जा सकता है।

मान्यता के नवीनीकरण के लिए एक आवेदन, पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए परियोजना मान्यता की समाप्ति से कम से कम साठ दिन पहले, बोर्ड को पहली अनुसूची में संलग्न फॉर्म – IV में पांच हजार रूपये के गैर-वापसी योग्य नवीकरण शुल्क के साथ किया जाएगा। नियम 3 के प्रावधान यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

(2) बोर्ड, नियम 3 के उप-नियम (3) के तहत निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के बाद और संतुष्ट होने पर कि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र इन नियमों के तहत निर्दिष्ट आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहा है, पहली अनुसूची के साथ संलग्न प्रपत्र – V में दिए गए प्रारूप में नवीनीकरण जारी कर पशु जन्म नियंत्रण केंद्र की परियोजना मान्यता के प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण कर सकता है।

(3) बोर्ड द्वारा जारी परियोजना मान्यता प्रमाण-पत्र के लिए नवीनीकरण तीन साल की अवधि के लिए वैध होगा, यह इन नियमों के तहत बोर्ड द्वारा एक आवेदन और नवीनीकरण शुल्क प्राप्त होने पर नवीकरणीय होगा।

**7. जानवरों का वर्गीकरण :** इन नियमों के उद्देश्य के लिए वर्गीकृत जानवर इस प्रकार हैं

**(क)** पालतू जानवर – व्यक्तियों के स्वामित्व में एवं घर के अंदर रखे जाने वाले श्वान।

(**ख**) गली के श्वान या समुदाय के स्वामित्व वाले भारतीय श्वान या परित्यक्त वंशावली वाले श्वान जो बेघर हैं, गली या एक दरवाजों वाले परिसर में रहते हैं।

**8. टीकाकरण और बंध्याकरण का उत्तरदायित्व :** (1) पालतू पशुओं के मामले में पशु का स्वामी कृमिमुक्तिकरण, प्रतिरक्षकण और नसबंदी के लिए जिम्मेदार होगा।

(2) गली में रहने वाले पशुओं के मामले में, स्थानीय प्राधिकरण कृमिमुक्तिकरण टीकाकरण और नसबंदी के लिए जिम्मेदार होगा और इन नियमों के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को चलाने के लिए बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एक पशु कल्याण संगठन को नियुक्त कर सकता है।

**9. निगरानी समितियों का गठन और उसके कार्य :** रेबीज के उन्मूलन और मानव पशु संघर्ष को कम करने के लिए इन नियमों के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निगरानी समितियों का गठन किया जाएगा। निगरानी समितियों का गठन निम्नानुसार किया जाएगा:

(1) केंद्र सरकार के विभिन्न हितधारको के बीच और केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, श्वान जनसंख्या प्रबंधन और रेबीज उन्मूलन के लिए एक केंद्रीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी और समन्वय समिति का गठन किया जाएगा। समिति का गठन और उसके कार्य अनुसूची – II में निर्धारित किए जाएंगे।

(2) सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में राज्य/संघ शासित प्रदेश स्तर पर एक राज्य पशु जन्म नियंत्रण कार्यान्वयन और निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति राज्य भर में वैज्ञानिक और चरणबद्ध तरीके से पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समन्वय करेगी। समिति का गठन और उसके कार्य अनुसूची – II में निर्धारित किए जाएंगे।

(3) सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में स्थानीय प्राधिकरण स्तर पर एक स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। समिति का गठन और उसके कार्य अनुसूची – II में निर्धारित किए जाएंगे।

**10. स्थानीय प्राधिकरण के दायित्व :**

(1) स्थानीय प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि उनके अधिकार क्षेत्र में प्रत्येक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है:

(**क**) पर्याप्त संख्या में केनेल और पशु चिकित्सा अस्पताल सुविधाएं जो स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन द्वारा प्रबंधित की जा सकती हैं;

(**ख**) श्वानों के सुरक्षित संचालन और परिवहन के लिए आवश्यक रूपान्तरणों से युक्त अपेक्षित संख्या में वैन;

(**ग**) छोटे स्थानीय निकायों, जहां आवश्यक समझा जाता है और जहां पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के लिए केनेल उपलब्ध हैं, के लिए नसबंदी और टीकाकरण के लिए मोबाइल सैंटर के रूप में सर्जिकल इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस एक मोबाइल ऑपरेशन थिएटर वैन;

(**घ**) अंगों और शवों के निपटान के लिए स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित किए जाने वाले भस्मक। जहां भस्मक संभव नहीं है, वहां गहरी दफन विधि अपनाई जा सकती है।

(**ङ**) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र की आवधिक मरम्मत और रख-रखाव।

(**च**) पूरे परिसर में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी), विशेष रूप से ऑपरेशन थिएटर में और जहां पशुओं को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में रखा जाता है तथा कम से कम तीन महीने के लिए इन वीडीयो निगरानी के रिकॉर्ड को बनाए रखना होगा या जैसा कि निर्दिष्ट है बोर्ड या राज्य बोर्ड द्वारा समय-समय पर वीडीयों रिकॉर्डिंग जांच या अनुरोध पर निरीक्षण प्राधिकारी, निगरानी समिति या बोर्ड के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।

(**छ**) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में हर समय साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखी जानी चाहिए।

(**ज**) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में लाए गए सभी जानवरों को पकडने, छोडने, दवा, सर्जरी, भोजन, टीकाकरण के लिए रिकॉर्ड बनाए रखा जाना चाहिए।

(2) यदि पशु कल्याण संगठन की सेवाएं ली गई हैं, तो स्थानीय प्राधिकरण नियमित आधार पर नसबंदी / टीकाकरण के खर्चों की प्रतिपूर्ति करेगा।

(3) स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति का गठन स्थानीय प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा और पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में की गई प्रगति का आकलन करने के लिए हर महीने कम से कम एक बार बैठक करेगा।

(4) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर स्थानीय प्राधिकरण इन नियमों के उल्लंघन के मामले की जांच करेगा और स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति या बोर्ड की सिफारिश के आधार पर ऐसे संगठन के साथ किसी भी जुडाव को समाप्त या निलंबित करेगा।

**11. पक्डना / नसबंदी / टीकाकरण / छौडना :**

(1) गली के श्वानों को पकडने का कार्य केवल निम्नलिखित कारणों से किया जाएगा :

(क) **सामान्य उद्देश्य :** जिसके लिए स्थानीय प्राधिकरण निगरानी समितियों के परामर्श से एक विशिष्ट क्षेत्र या क्षेत्र में पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से गली के श्वानों की अधिक आबादी को नियंत्रित करने का निर्णय करेगा।

(ख) **विशिष्ट शिकायतें :** जिसके लिए स्थानीय प्राधिकरण निगरानी समिति के परामर्श से पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में एक पशु शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित करेगा, जो रेबीज से पीडित होने वाले संदिग्ध श्वानों के काटने के बारे में जानकारी या शिकायत प्राप्त करेगा।

(2) श्वानों को पकडने वाली टीम में निम्न शामिल होंगे :

(i) वैन का चालक

(ii) स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन के दो या दो से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी जो गली के श्वानों को मानवीय रूप से पकडने में प्रशिक्षित हैं।

(iii) किसी भी पशु कल्याण संगठन का एक प्रतिनिधि जो इस उद्देश्य के लिए नामांकित किया गया है।

श्वान पकडने वाली टीम के प्रत्येक सदस्य के पास स्थानीय प्राधिकारी द्वारा जारी वैध पहचान पत्र होना चाहिए।

(3) किसी भी इलाके में गली के श्वानों को पकडने से पहले, स्थानीय प्राधिकरण या पशु कलयाण संगठन के प्रतिनिधि बैनर/सार्वजनिक नोटिस द्वारा निवासियों को सूचित करते हुए घोषणा करेंगे कि जानवरों को नसबंदी के उद्देश्य से उस क्षेत्र से पकडा जाएगा और टीकाकरण तथा नसबंदी के बाद उसी क्षेत्र में वापिस छोड दिया जाएगा। घोषणा क्षेत्र के निवासियों को पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में भी संक्षिप्त में शिक्षित कर सकती है और सभी निवासियों के समर्थन के लिए उन्हें आश्वस्त कर सकती है कि स्थानीय प्राधिकरण उनकी सुरक्षा और जानवरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठा रहा है। ऐसे प्रयास प्रत्येक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में भी स्थापित किए जाएंगे।

(4) जानवरों को पकडने में मानवीय तरीकों का उपयोग किया जाएगा जैसे कि जाल से पकडना या हाथ से पकडना या किसी उन्य तरीके से जो जानवर को कम परेशान करता हो। श्वानों को पकडने के लिए चिमटे या तारों का प्रयोग करना सख्त रूप से वर्जित होगा।

(5) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र की आवास क्षमता के अनुसार केवल निर्धारित संख्या में ही जानवरों को पकडा जाएगा। पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में एक निश्चित समय पर केवल एक क्षेत्र के श्वानों को ही नसबंदी, टीकाकरण के लिए लाया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों के श्वानों को संपर्क में लाने से बचने का प्रयास किया जाना चाहिए।

(6) पकडे गए सभी श्वानों की पहचान पशु जन्म नियंत्रण केंद्र पर पहुंचने के तुरंत बाद एक नंबर वाले कॉलर से की जाएगी। यह संख्या पकडे गए श्वानों के रिकॉर्ड के अनुरूप होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक श्वान को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी क्षेत्र में छोडा जाए जहां से उसे पकडा गया था।

(7) छह महीने से कम उम्र वाले गली के श्वान को पकडा नहीं जाएगा और उनकी नसबंदी नही की जाएगी। पिल्लों के साथ मादा जानवरों को तब तक नसबंदी के लिए नहीं पकडा जाएगा जब तक कि उनके बच्चे 2 महीने का न हो जाए।

(8) पकडे गए जानवरों को बोर्ड से परियोजना मान्यता प्रमाण-पत्र वाले और स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन द्वारा प्रबंधित पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में लाया जाएगा जहां पशु चिकित्सकों द्वारा उनकी जांच की जाएगी। स्वस्थ जानवरों को बीमार या घायल जानवरों से अलग रखना चाहिए। बीमार या घायल जानवरों को पर्याप्त उपचार दिया जाना चाहिये। उपचारित जानवरों के ठीक होने के बाद ही उनकी नसबंदी की जानी चाहिए।

(9) केनेल जहां श्वानों को रखा जाता है, प्रत्येक केनेल के दरवाजे पर इलाके का नाम स्पष्ट रूप से लिखकर चिन्हित किया जाना चाहिए। अलग-अलग श्वानों के लिए केनेल कम से कम 3 फीट चौडे, 4 फीट गहरे और कम से कम 6 फीट ऊंचे होने चाहिए। 3 से 5 श्वानों के लिए केनेल भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जहां प्रत्येक श्वान को कम से कम 3 फीट गुणा 4 फीट की जगह मिले। केनेल में लोहे की खडी छडों का दरवाजा या गेट होना चाहिए। सभी सलाखों के बीच का अंतराल 2 इंच से अधिक नहीं होना चाहिए। खराब मौसम से छाया और आश्रय प्रदान करने और श्वानों को भगने से रोकने के लिए पर्याप्त छत आवश्यक है। केनेल का डिजाइन करते समय यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए कि केनेल के माध्यम से हवा का पर्याप्त क्रॉस वेंटिलेशन है। केनेल के पीछे का भाग उठा हुआ डिजाइन किया जाना चाहिए जहां श्वान आराम से सो सके। सफाई की सुविधा के लिए सभी केनेल में उचित जल निकासी व्यवस्था होनी चाहिए।

(10) एक ही परिवार / समाजिक समूह के श्वानों को एक ही केनेल में रखा जा सकता है। नर और मादा श्वानों को अलग-अलग रखा जाना चाहिए। श्वानों को सर्जरी से पहले 12 घंटे तक क्वरंटाइन केनेल में बिना भोजन या पानी के रखा जाना चाहिए ।

(11) एक अच्छी तरह से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर में स्थानीय प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारियों की विशेष देख-रेख में एक पशु चिकित्सक द्वारा नसबंदी सर्जरी और टीकाकरण किया जाना चाहिए। अनुमोदित सर्जिकल प्रक्रियाएं और न्यूनतम आवश्यकताएं बोर्ड द्वारा मॉडयूल में निर्धारित अुनसार होंगी।

(12) नसबंदी सर्जरी के दौरान प्रत्येक श्वान के दाहिने कान पर एक 'वी' आकार का निशान बनाया जाएगा। कान की इस तरह की कतरन से श्वान के गली में पर वापस आने के बाद उसे बंध्याकृत और प्रतिरक्षित के रूप में पहचानने में मदद मिलती है । श्वानों की ब्रांडिंग की अनुमति नहीं होगी।

(13) सर्जरी से ठीक होने के बाद, श्वानों की नसबंदी के बाद कम से कम चार दिनों के लिए केनेल में रखा जाएगा ताकि पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल हो सके। प्रत्येक श्वान को दिन में दो बार पर्याप्त और स्वस्थ भोजन और हर समय पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

नर और मादा श्वानों को अलग-अलग रखा जाना चाहिए।

(14) पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में श्वानों की उचित आवास और मुक्त आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह होगी। जगह में उचित वेंटिलेशन और प्राकृतिक प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए और इसे साफ रखना चाहिए।

(15) श्वानों को उसी स्थान या इलाके में वापिस छोडा जाएगा जहां से उन्हें पकडा गया था और उनकी रिहाई की तारीख, समय और स्थान पूरी तरह से ठीक होने के बाद दर्ज किया जाएगा। रिहाई के समय स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन का प्रतिनिधि टीम के साथ होगा। समय-समय पर, बोर्ड श्वानों को पकडने और छोडने के दौरान उनके स्थान की जियो-टैगिंग के लिए उपयुक्त प्रक्रिया बता सकता है।

(16) पशु जन्म नियंत्रण सर्जरी को सुरक्षित और मानवीय रूप से करने के लिए, कार्यान्वयन एजेंसी समय-समय पर मॉडयूल में मानक संचालन प्रक्रियाओं के संबंध में बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करेगी।

**12. रखे जाने वाले रिकॉर्ड :**

स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन के परियोजना प्रभारी पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में निम्नलिखित रिकॉर्ड बनाकर रखेंगे :

(1) पकडे गए जानवरों का रिकॉर्ड निम्नलिखित सहित :

(i) उस क्षेत्र / इलाके का नाम जहां से श्वान को पकडा गया था,

(ii) पकडने की तारीख और समय,

(iii) पकडने के लिए जिम्मेदार कैप्चरिंग दस्ते के व्यक्तियों के नाम,

(iv) पकडे गए श्वानों के बारे में विवरण – श्वान की टैग संख्या, नर, मादाओं की संख्या रंग, पहचान चिन्ह और अनुमानित आयु।

(2) प्रत्येक केनेल के लिए फीडिंग रिकॉर्ड और खाद्य सूची

(3) प्रत्येक श्वान के लिए उपचार रिकॉर्ड

(4) दवाईयां और वैक्सीन इन्वेंटरी

(5) मृत्यु दर रिकॉर्ड

(6) सर्जिकल उपकरण आदि सहित उपकरण सूची।

(7) श्वान वैन लॉगबुक

(8) कर्मचारी उपस्थिति रिकॉर्ड

(9) अंग निरीक्षण रिकॉर्ड

(10) पिछले 30 (तीस दिन) दिनों के सीसीटीवी फुटेज

**13. रिपोर्ट :** स्थानीय प्राधिकरण के परियोजना प्रभारी या पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन करने वाले पशु कल्याण संगठन के पशु चिकित्सक प्रभारी, जिन्होने इन नियमों के तहत परियोजना मान्यता प्राप्त की है :

(क) अनुसूची - III और IV में निर्धारित प्रारूपों में निम्नलिखित विवरणों के साथ बंध्याकृत और टीकाकरण किए गए गली के शवानों की संख्या की मासिक प्रगति रिपोर्ट स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति को प्रस्तुत करें :

i) पकडे गए गली के श्वानों की कुल संख्या

ii) कुल श्वानों की नसबंदी की गई

iii) केवल अवलोकन के लिए रखे गए गली के श्वानों की कुल संख्या

iv) सर्जरी के पहले, दौरान या बाद में मरने वाले श्वानों की कुल संख्या

v) परियोजना से जुडे प्रत्येक पशु चिकित्सक का नाम और योग्यता तथा महीने के दौरान प्रत्येक पशु चिकित्सक द्वारा बंध्याकृत श्वानों की संख्या।

vi) प्रत्येक पशु चिकित्सक का नाम और पंजीकरण संख्या तथा उसके द्वारा पिछले प्रत्येक महीने में आयोजित पशु जन्म नियंत्रण सर्जरी की संख्या के साथ

vii) अनुसूची – III में निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक पशु चिकित्सक द्वारा की गई सर्जरी के खिलाफ पोस्ट-ऑपरेटिव जटिलताओं और मृत्यु दर की संख्या

(ख) राज्य पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति के माध्यम से बोर्ड को एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जो 31 मार्च को समाप्त होने वाले पिछले वर्ष के दौरान पकडे गए, बंध्याकृत, प्रतिरक्षित जानवरों की कुल संख्या के बारे में हर साल 31 मई के बाद नहीं;

(ग) समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में बोर्ड या राज्य बोर्ड द्वारा अपेक्षित ऐसी अन्य जानकारी जमा करें;

**14. निरीक्षण करने की शक्ति :**

(1) बोर्ड को एक शिकायत प्राप्त होने पर या समय-समय पर निरीक्षण के लिए किसी भी पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण करने के लिए लिखित रूप में एक निरीक्षण दल को अधिकृत करने की शक्ति होगी :

(2) निरीक्षण दल के पास शक्ति होगी –

**(क)** परिसर में प्रवेश कर परिसर के भीतर सभी क्षेत्रों और सभी जानवरों और रिकॉर्ड तक पंहुचे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन नियमों की आवश्यकताओं का पालन किया जा रहा है:

**(ख)** तस्वीरे लेने, वीडियों रिकॉर्ड करने, और रिकॉर्ड की प्रतियां बनाने की।

(3) इन नियमों के तहत मान्यता प्राप्त इकाई का एक साल में कम से कम एक बार निरीक्षण किया जाएगा।

(4) निरीक्षण दल अपनी रिपोर्ट बोर्ड और राज्य निगरानी समिति को प्रस्तुत करेगा।

(5) निरीक्षण दल द्वारा ऐसा निरीक्षण करने के लिए कोई पूर्व सूचना नहीं दी जा सकती है।

**15. गली के श्वानों की सुखमयमृत्यु :**

(1) स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति द्वारा नियुक्त एक टीम द्वारा निदान के रूप में असाध्य रूप से बीमार और घातक रूप से घायल श्वानों को एक योग्य पशु चिकित्सक द्वारा सोडियम पेंटोबार्बिटल के अंत: शिरा प्रयोग से या किसी अन्य अनुमोदित मानवीय तरीके द्वारा मानवीय तरीके से निर्दिष्ट घंटो के दौरान सुखमयमृत्यु दी जाएगी।

(2) टीम में क्षेत्राधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी, परयिोजना प्रभारी और बोर्ड / राज्य बोर्ड का एक प्रतिनिधि शामिल होगा।

(3) किसी श्वान को दूसरे श्वान की उपस्थिति में सुखमयमृत्यु नहीं दी जाएगी। सुखमयमृत्यु के लिए जिम्मेदार व्यकित को निपटाने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि जानवर मर चुका है।

(4) सुखमयमृत्यु का रिकॉर्ड सुखमयमृत्यु के कारणों सहित उपरोक्त नियुक्त टीम के हस्ताक्षर सहित रखा जाना चाहिए।

**16. श्वानों के काटने या पागल श्वानों से संबंधित शिकायतों का समाधान :**

स्थानीय प्राधिकरण एक पशु हेल्पलाइन स्थापित कर सकता है। रिपोर्ट किए जा सकने वाले संघर्ष के मामलों को रिकॉर्ड करने और हल करने के लिए या तो परियोजना प्रभारी या पशु कल्याण संगठन जिम्मेदार होगा।

i) ऐसी शिकायत प्राप्त होने पर, शिकायतकर्ता का नाम उसका पूरा पता, शिकायत की तिथि और समय, शिकायत की प्रकृति आदि जैसे विवरण स्थायी रिकॉर्ड के लिए रखे जाने वाले रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे।

ii) किसी भी श्वान के काटने की सूचना तुरंत सरकारी चिकित्सा अस्पताल के साथ साझा की जाएगी ताकि काटने के बाद उपचार की सिफारिश की जा सकें।

iii) ऐस जानवरों को मानवीय रूप से पकडा जाएगा और पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में अवलोकन के लिए रखा जाएगा। पशु चिकित्सक की सलाह पर, किसी भी संचारी रोग के लक्षण दिखाने वाले श्वान को आइसोलेशन केनेल में रखा जाएगा जहां श्वान को दिन में दो बार भोजन और पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

iv) किसी भी सदिग्ध पागल श्वान का दो व्यक्तियों के पैनल द्वारा निरीक्षण किया जाएगा जिसमें स्थानीय प्राधिकरण द्वारा नियुक्त एक पशु चिकित्सा सर्जन और एक पशु कल्याण संगठन का एक प्रतिनिधि होंगे।

v) यदि श्वान को रेबीज होने की उच्च संभावना पाई जाती है, तो उसे तब तक अलग रखा जाएगा जब तक कि उसकी प्राकृतिक मृत्यु न हो जाए। मृत्यु आमतौर पर रेबीज होने के 10 दिनों के अन्दर होती है। इसलिए, संदिग्ध पागल श्वानों की समयपूर्व हत्या, रेबीज की वास्तविक घटनाओं को जानने से और उचित कार्रवाई किये जाने से रोकती है।

vi) यदि श्वान को रेबीज नही बल्कि कोई अन्य बीमारी या उग्र प्रकृति का पाया जाता है तो उसे पशु कल्याण संगठन को सौप दिया जाएगा जो 10 दिनों के अवलोकन के बाद श्वान को ठीक करने और छोडने के लिए आवश्यक कार्यवाई करेगा।

vii) जिन श्वानों की रेबीज से मृत्यु होने का संदेह है, उनके शवों को जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित किसी भस्मक में या किसी अन्य विधि को अपनाते हुए निपटाया जाएगा।

viii) यदि पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम एक पशु कल्याण संगठन द्वारा चलाया जा रहा है, तो स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति द्वारा निर्धारित दर पर ऐसे श्वानों को निगरानी में रखने और इलाज के लिए स्थानीय प्राधिकरण द्वारा इसकी प्रतिपूर्ति की जाएगी।

ix) गली के श्वानों के बारे में लोगो को जागरूक करने के लिए स्थानीय प्राधिकरण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई आउटरीच सामग्री को शहर के प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित करेगा।

**17. अंगों की गिनती और निपटान :**

नर और मादा श्वानों से निकाले गए प्रजन्न अंगों को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में 10% फॉर्मलाडेहाइड में संग्रहित किया जाएगा।

i) अंगों की गणना पाक्षिक या मासिक या जितनी बार स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति द्वारा तय की गई हो, एक टीम द्वारा की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे :

(**क**) मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत कोई पशु चिकित्सा अधिकारी

(**ख**) परियोजना प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी

(**ग**) राज्य बोर्ड / एसपीसीए के प्रतिनिधि

बशर्ते कि पशु कल्याण संगठन जो पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है अंग निरीक्षण टीम का हिस्सा नही होगा।

ii) नर और मादा जननांग अंगों की संख्या और सर्जरी की तारीख के साथ चिन्हित अलग-अलग प्लास्टिक के बक्से में संरक्षित किया जाएगा।

iii) अंग निरीक्षण दल सभी अंगों की गणना करेगा और विचाराधीन अवधि के लिए कार्यान्वयन एजेंसी की प्रगति रिपोर्ट का सत्यापन करेगा।

iv) गिने हुए अंगों को अंग निरीक्षण दल की उपस्थिति में टैटू डाई के छिडकाव और गहरे में दफन या भस्मीकरण द्वारा तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा। अंगों के नष्ट करने और दफनाने की प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और तारीख और समय की मोहर के साथ फोटो खींची जाएगी।

v) राज्य एबीसी निगरानी समिति नियमों का पालन सुनिश्चित करने और गैर-अनुपालन के मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रत्येक एबीसी केंद्र में हर साल कम से कम एक बार औचक निरीक्षण करेगी।

**18. गैर-अनुपालन का प्रभाव :** (1) नियम 14 में संदर्भित रिपोर्ट (रिपोर्टों) पर विचार करने के बाद यदि बोर्ड की राय है कि इन नियमों के तहत किसी भी प्रावधान का उल्लंघन किया गया है या पशु क्रूरता की रोकथाम अधिनियम, 1960 या उसके अधीन बनाए गए नियम या क्रूरता की स्थिति में, बोर्ड पशु कल्याण संगठन या पशु जन्म नियंत्रण केंद्र चलाने वाले स्थानीय प्राधिकरण को 15 दिनों के अन्दर जवाब के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करेगा।

(2) पशु कल्याण संगठन या स्थानीय प्राधिकरण से लंबित उत्तर की स्थिति में, बोर्ड लिखित में कारण बताकर इसकी मान्यता को निलंबित कर सकता है।

(3) बोर्ड, निरीक्षण रिपोर्ट और कारण बताओ नोटिस के जवाब के आधार पर, इस अधिनियम के अनुसार कार्रवाई कर सकता है या जिला मजिस्ट्रेट या जिला एसपीसीए को कानून के अनुसार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दे सकता है।

(4) यदि यह मानने का कारण है कि इन नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बोर्ड के पास किसी भी पशु कल्याण संगठन के पंजीकरण को रद्द करने की शक्ति होगी ताकि ऐसे संगठन को किसी भी जानवर के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित करने से रोका जा सके।

(5) बोर्ड ऐसे संगठन को किसी भी जानवर के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित करने से रोकने के लिए किसी भी पशु कल्याण संगठन को ब्लैकलिस्ट करेगा। बशर्ते कि ऐसी ब्लैकलिस्ट केवल तभी की जाएगी जब बोर्ड द्वारा अधिकृत या संचालित निरीक्षण पर यह स्थापित हो जाए कि पशु कल्याण संगठन एक बार-बार उपराधी है या उल्लंघन की प्रकृति किसी भी रूप में जघन्य क्रूरता या भ्रष्टाचार से संबंधित है।

(6) इन नियमों के तहत किसी भी उल्लंघन को अधिनियम के तहत उपराध माना जाएगा और पशु कल्याण संगठन या स्थानीय प्राधिकरण के परियोजना प्रभारी के पदाधिकारियों पर कानून के अनुसार आरोप लगाया जा सकता है।

19. **घरेलू / फारल बिल्लियों की नसबंदी और टीकाकरण** – राज्य बोर्ड की सलाह पर, बिल्लियों की नसबंदी एक मान्यता प्राप्त पशु कल्याण संगठन द्वारा प्रशिक्षण और विशेषज्ञता के साथ बोर्ड द्वारा प्रकाशित कैट स्टरलाइजेशन और टीकाकरण के लिए दिशानिर्देशों में निर्धारित तरीके से बिल्लियों का स्पे / न्यूटर आयोजित की जा सकती है।

(1) बिल्ली के जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए बुनियादी ढांचे और खर्चो की प्रतिपूर्ति स्थानीय प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाएगी।

(2) जबकि श्वानों के लिए प्रदान किए गए पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में बिल्ली नसबंदी कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, बिल्लियों को श्वानों के साथ नही रखा जाना चाहिए या किसी भी तरह से संपर्क में नहीं आना चाहिए।

(3) बिल्लियों की पोस्ट–ऑपरेटिव देखभाल ऐसी जगह की जानी चाहिए जहाँ वे श्वानों की आवाज / गंध से अनावश्यक तनाव से पीडित न हों।

20. **सामुदायिक पशुओं को खिलाना** – (1) यह रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) या अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन (एओए) या उस क्षेत्र के स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि की जिम्मेदारी होगी कि परिसर या उस क्षेत्र में रहने वाले सामुदायिक पशुओं को खिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए उस क्षेत्र या परिसर में रहने वाले व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, जो उन पशुओं को खिलाता है या उन पशुओं को खिलाने का इरादा रखता है और एक दयालु भाव के रूप में सडक पर रहने वाले पशुओं की देखभाल करता है। आरडब्ल्यूए या एओए या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करेंगे :

i) श्वानों की आबादी और उनके संबंधित क्षेत्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, पारस्परिक रूप से सहमत, फीड स्पॉट नामित करना। भोजन स्थल बच्चों के खेलने के क्षेत्रों, प्रवेश और निकास बिंदुओं, सीढियों से दूर होंगे या ऐसे क्षेत्रों में होंगे जहां बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कम से कम बार-बार आने की संभावना हो।

ii) बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, खेलों की आवाजाही के आधार पर भोजन का समय निर्धारित करना, जिसमें बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कम से कम बार-बार आने की संभावना हो।

iii) नामित फीडर यह सुनिश्चित करेगा कि फीडिग स्थान पर कोई बच्चे न हो या उस क्षेत्र आरडब्ल्यूए या एओए द्वारा बनाए गए दिशानिर्देशों का उल्लंघन न हो।

iv) नामित फीडरों को पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम में सहायता के लिए टीकाकरण, श्वानों को पकडने और छोडने के लिए स्वेच्छा से अनुमति दी जाती है।

(2) जहां आरडब्ल्यूए या एओए और पशु देखभाल करने वालों या अन्य निवासियों के बीच कोई संघर्ष है, एक पशु कल्याण समिति का गठन किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

(क) मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी या उनके प्रतिनिधि

(ख) क्षेत्राधिकार पुलिस के प्रतितिधि

(ग) जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के प्रतिनिधि पशु या राज्य बोर्ड

(घ) पशु जन्म नियंत्रण का संचालन करने वाले किसी भी मान्यता प्राप्त पशु कल्याण संगठन का प्रतिनिधि

(ङ) स्थानीय प्राधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी

(च) शिकायतकर्ता

(छ) उस क्षेत्र के आरडब्ल्यूए या एओए या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि।

नियम 20 के उपनियम (2) के तहत गठित समिति का निर्णय फीडिंग प्वाइंट के निर्धारण के संबंध में अंतिम निर्णय होगा। समिति उस क्षेत्र में उन जानवरों को खिलाने के लिए बोर्ड द्वारा नामित कॉलोनी केयर टेकर में से व्यक्ति (व्यक्तियों) को भी नामित कर सकती है।

(3) कोई भी स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन या कोई फीडर आरडब्ल्यूए या एओए या स्थानीय निकाय नियम 20 के उप-नियम (2) के तहत बनाई गई समिति के निर्णय से व्यथित होने पर, अपील राज्य बोर्ड को दायर की जाएगी। राज्य बोर्ड का निर्णय उस क्षेत्र में पशुओं को खिलाने का अंतिम निर्णय होगा।

**21. अपील** – (1) परियोजना मान्यता समिति के निर्णय से व्यथित पशु कल्याण संगठन, निर्णय प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर, बोर्ड को अपील कर सकता हैं;

(2) शिकायत प्राप्त होने पर बोर्ड के अध्यक्ष एक समिति का गठन करेंगे जहां बोर्ड के सदस्य और संबंधित अधिकारी शिकायत की जांच करेंगे। समिति नोटिस देने के बाद और पार्टियों को सुनवाई का अवसर देने के बाद या तो अपील को खारिज कर सकती है या अनुमति दे सकती है जिसके कारण लिखित में दर्ज किये जायेंगे।

(3) कोई भी स्थानीय प्राधिकरण या पशु कल्याण संगठन या बोर्ड के निर्णय से व्यथित व्यक्ति, वे बोर्ड से संचार प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर पशुपालन विभाग के सचिव को दूसरी अपील दायर करेंगे। पशुपालन विभाग के सचिव के निर्णय को शिकायत के संबंध में अंतिम निर्णय माना गया।

**22. जहां स्थानीय उप-नियम आदि मौजूद हैं, वहां नियमों का लागू होना :** (1) यदि स्थानीय नियम, उप-कानून, कोई अधिनियम है, तो राज्य या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा किसी के संबंध में कुछ समय के लिए विनियम लागू हैं। जिन मामलों के लिए इन नियमों में प्रावधान किया गया है, ऐसे नियम, विनियम या उप-नियम किस सीमा तक होंगे:

(क) इसमें इन नियमों में निहित प्रावधानों की तुलना में जानवर के लिए कम परेशान करने वाले प्रावधान हैं, प्रबल होंगे;

(ख) इसमें इन नियमों में निहित प्रावधानों की तुलना में जानवरों के लिए अधिक परेशान करने वाले प्रावधान शामिल हैं, कोई प्रभाव नहीं होगा

[आर-440485/13/2022-डीएडीएफ-विभाग]

डॉ. ओ.पी. चौधरी, संयुक्त सचिव

## अनुसूची – I

1. प्रपत्र I

### पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम की अनुमति लेने के लिए आवेदन पत्र

**भाग - I**

| **1.** | **संस्था का विवरण** | |
|---|---|---|
| (क) | संस्था का नाम | |
| (ख) | संस्था का पता पिनकोड नं. सहित | |
| (ग) | टेलीफोन नंबर एसटीडी कोड के साथ और मोबाइल नंबर (व्हाट्सएप नंबर) | |
| (घ) | ई-मेल पता | |
| (ङ) | संस्था का पैन नंबर | |
| (च) | स्थापना का वर्ष | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2.** | **शरणगृह / औषधालय का विवरण** | | | | | | |
| | क्र. नं. | शरणगृह / औषधालय का पता | शरणगृह की संख्या | शरणगृह का क्षेत्रफल | छोटे पशुओं की संख्या | बडे पशुओं की संख्या | प्रकार (शरणगृह / औषधालय) |
| | 1. | | | | | | |
| | 2. | | | | | | |
| **3.** | **पदाधिकारियों / शासी निकाय / प्रबंधन समिति का विवरण** | | | | | | |
| | नाम | पद का नाम | पता | फोन नंबर / मोबाइल नंबर (व्हाट्सएप नंबर) | | ई-मेल पता | आधार नंबर |
| | 1. | | | | | | |
| | 2. | | | | | | |
| | 3. | | | | | | |
| **4.** | **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम / भारतीय न्यास अधिनियम, सहकारी समिति अधिनियम, आदि के तहत वर्ष के साथ पंजीकरण संख्या (पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें नवीकरण के साथ, यदि कोई हो, विधिवत नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित)** | | | | | | |
| **5.** | **नीति आयोग एनजीओ पोर्टल पर पंजीकरण का विवरण-तिथि और विशिष्ट आईडी नंबर (एक फोटोकॉपी संलग्न करें) (अनिवार्य)** | | | | | | |
| **6.** | **मेंमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन, उपनियम / संगठन का संविधान (कृपया नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत प्रमाणित संशोधन के साथ एमओए की प्रति संलग्न करें, यदि कोई हो** | | | | | | |
| **7.** | **विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत पंजीकरण का विवरण - पंजीकरण की संख्या और तिथि (कृपया पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करें)** | | | | | | |
| **8.** | **आयकर अधिनियम के तहत 80 जी छूट का विवरण, यदि कोई हो (संख्या, तिथि और संलग्नक)** | | | | | | |
| **9.** | **आय के स्रोत का विवरण (राज्य सरकार, केंद्र सरकार, विदेशी एजेंसियों और अन्य स्रोत से प्राप्त अनुदान)** | | | | | | |
| | राज्य सरकार से | | | | | | |
| | केंद्र सरकार से (एडब्ल्यूबीआई के अलावा) | | | | | | |
| | दान से | | | | | | |
| | विदेशी एजेंसियों से | | | | | | |
| | अन्य स्रोतों से | | | | | | |
| | **कुल** | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **10** (i) | **संस्था के मुख्य उद्देश्य** | | |
| **10** (ii) | **पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए व्यय के प्रतिशत के साथ संस्था की गतिविधियां** | **गतिविधियां** | **व्यय का प्रतिशत** |
| | | आवारा पशुओं / बडे पशुओं को आश्रय देना | |
| | | आवारा श्वानों और अन्य छोटे पशुओं को आश्रय देना | |
| | | पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम | |
| | | औषधालय / उपचार | |
| | | पशु रोगी वाहन सेवाएं / मोबाइल पशु क्लिनिक | |
| | | पशुओं का बचाव / पुनर्वास | |
| | | पशु कल्याण के लिए जागरूकता / प्रशिक्षण | |
| | | पशुओं के प्रति क्रूरता के खिलाफ कानूनी मामले दर्ज | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **10** (iii) | **लक्ष्य और उद्देश्यों के अनुसार अन्य गतिविधियॉं** | | |
| | **क्र. सं.** | **गतिविधियां** | **व्यय का प्रतिसत** |
| | 1. | | |
| | 2. | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11.** | **वर्ष के दौरान आश्रय / इलाज / बचाए गए पशुओं की संख्या का विवरण** | | | | |
| (i) | वर्ष के दौरान बचाए गए पशुओं की संख्या | | | | |
| (ii) | पिछले एक वर्ष में संस्था द्वारा उपचारित पशुओं की संख्या<br>**नोट:** (*जैसा कि संस्था द्वारा बनाए गए पशु उपचार रजिस्टर से सत्यापित है*) | | | | |
| | उनके इन-हाउस डिस्पेंसरी / अस्पताल में | मौके पर बीमार और घायल जानवर | चिकित्सा शिवरों में | मोबाइल क्लीनिक द्वारा | **कुल** |
| | | | | | |
| (iii) | आश्रय वाले पशु की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति (संबंधित दस्तावेज संलग्न करें) | | | | |
| (iv) | अधिकार क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पशु सत्यापन प्रमाण-पत्र (प्रमाण-पत्र की फोटो कॉपी संलग्न करें) | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **12.** | **उपलब्ध औषधालय / चिकित्सा सुविधाओं का विवरण** | | | |
| | औषधालय / स्वास्थ्य सुविधा का पता | ओटी (उपलब्ध या नहीं) | चिकित्सकीय संसाधन | विवरण संलग्न किया जाना है |
| | | | | |
| **13.** | **क्या रोगी वाहन / ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब्ध है, यदि हॉं** | | | |

